# कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती

पत्रांक 1646 / 180-15 / 106 दिनांक :– 13/07/2026

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **दैनिक भास्कर संस्करण में प्रकाशित विषय "7 साल से शोपीस बनी पानी की टंकी टंकी, नलो में पानी की बूंद तक नही, ग्रामीण मांग रहे हिसाब" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 06.06.2026 को दैनिक भास्कर संस्करण में प्रकाशित विषय **"7 साल से शोपीस बनी पानी की टंकी टंकी, नलो में पानी की बूंद तक नही, ग्रामीण मांग रहे हिसाब"** के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर द्वारा जॉच करायी गयी। जांचोपरान्त पाया गया है कि जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड इकौना के ग्राम पंचायत जयचन्दपुर कटघरा में निर्मित जयचन्दपुर कटघरा पाइप पेयजल योजना में डाली गयी वितरण प्रणाली बहराइच से इकौना मार्ग का चौड़ीकरण के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है तथा योजना में अधिष्ठापित स्टार्टर एवं मोटर खराब होने के कारण उक्त योजना से जलापूर्ति नही हो पा रही है। उक्त योजना को संचालन एवं अनुरक्षण में नॉन फंक्शनल श्रेणी में लिया गया है, जिसका प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय प्रेषित किया जा चुका है। प्राक्कलन सक्षम स्तर से स्वीकृत व धनावंटन होने के उपरान्त उक्त योजना के क्षतिग्रस्त कार्यो को कराकर योजना पूर्ण क्षमता पर संचालित कर दी जाएगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

**(मोहम्मद इमरान)**
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं तद्दिनांक
प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (गो.क्षे.), उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोण्डा।

अधिशासी अभियन्ता